Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَاِنْ تُبْدُوا الصَّدَقٰتِ فَنِعِمَّا هِیَ ۚ وَ اِنْ تُخْفُوْهَا وَ تُؤْتُوْهَا الْفُقَرَآءَ فَهُوَ خَیْرٌ لَّكُمْ ؕ وَ یُكَفِّرُ عَنْكُمْ مِّنْ سَیِّاٰتِكُمْ ؕ وَ اللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِیْرٌ ○

(सूरतुल बक़रा आयत :196)

अनुवाद: तुम अगर सदकों को प्रकट करो तो यह भी बहुत अच्छी बात है और अगर तुम उन्हें छुपाओं और ज़रूरत वालों को दो तो यह तुम्हारे लिए बेहतर है और अल्लाह तुम्हारी बहुत सी बुराइयां तुम से दूर कर देगा और अल्लाह हमेशा उस को जानता है जो तुम करते हो।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 3

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 41

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

1 सफर 1439 हिजरी कमरी 11 इख़ा 1397 हिजरी शमसी 11 अक्तूबर 2018 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।

ख़ुदा ने मुझे ठीक चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ जैसा कि मसीह इब्ने मरयम चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में आया था भेजा और ख़ुदा मेरी सच्चाई के प्रमाण स्वरुप अपने बड़े शक्तिशाली निशान दिखा रहा है। आकाश के नीचे किसी विरोधी मुसलमान, यहूदी या ईसाई इत्यादि की सामर्थ्य नहीं कि उनका मुकाबला करे और ख़ुदा का मुकाबला एक असमर्थ और तुच्छ मनुष्य कर भी कैसे सकता है। यह तो बुनियादी ईंट है जो ख़ुदा की ओर से है।

प्रत्येक जो इस ईंट को तोड़ना चाहेगा वह तोड़ नहीं सकेगा लेकिन यह ईंट जब उस पर पड़ेगी तो उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगी, क्योंकि ईंट भी ख़ुदा की और हाथ भी ख़ुदा का है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

यह भी स्मरण रहे कि सूरह फ़ातिह: के श्रेष्ठतम उद्देश्यों में से प्रार्थना है कि-

اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِیْمَ ۔ صِرَاطَ الَّذِیْنَ اَنْعَمْتَ عَلَیْهِمْ

"इहदिनस्सिरातलमुस्तक़ीम सिरातल्लज़ीना अनअमता अलैहिम"

(अलफ़ातिह:-6,7)

और जिस प्रकार इंजील की प्रार्थना में रोटी मांगी गई है। इस प्रार्थना में ख़ुदा से वे समस्त अनुकम्पाएं मांगी गई हैं जो पहले रसूलों और नबियों को प्रदान की गई थीं। यह मुकाबला भी देखने योग्य है और जिस प्रकार हज़रत मसीह की प्रार्थना स्वीकार होकर **ईसाइयों को रोटी का बहुत कुछ सामान** प्राप्त हो गया था इसी प्रकार यह क़ुर्आनी प्रार्थना **हज़रत मुहम्मद साहिब** के द्वारा स्वीकार होकर सज्जन और संयमी मुसलमान, विशेषकर उनके **पूर्ण आध्यात्मिक व्यक्ति बनी** इस्राईल के नबियों के **उत्तराधिकारी** ठहराए गए और मसीह मौऊद का इस उम्मत में पैदा होना भी इसी प्रार्थना की स्वीकारिता का **परिणाम** है। क्योंकि गुप्त तौर पर बहुत से सज्जन और संयमी मनुष्यों ने ठीक बनी इस्राईल के नबियों के समान हिस्सा लिया है। परन्तु इस उम्मत का मसीह मौऊद स्पष्टत: **ख़ुदा** की आज्ञा और आदेश से इस्राईली मसीह के मुकाबले पर खड़ा किया है, ताकि **मूसवी और मुहम्मदी धारा** की समानता समझ आ जाए। इसी उद्देश्य से **इस मसीह** की इब्ने मरयम से प्रत्येक पहलू से उपमा दी गई है। यहां तक कि इस इब्ने मरयम पर परीक्षाएं भी इस्राईली इब्ने मरयम की भांति आईं।

प्रथम जैसा कि ईसा इब्ने मरयम मात्र ख़ुदा की फूँक से पैदा किया गया इसी प्रकार यह मसीह भी सूरह तहरीम के वायदे से अनुकूल मात्र ख़ुदा की फूँक से मरयम के अन्दर से पैदा किया गया। और जैसा कि ईसा इब्ने मरयम की पैदायश पर बहुत शोर उठा और अंधे विरोधियों ने मरयम को कहा-

لَقَدْ جِئْتِ شَیْئًا فَرِیًّا

"लकद जे'त्ते शैयन फ़रिय्या"

इसी प्रकार यहां भी यही कहा गया और प्रलय जैसा शोर मचाया गया और जैसा कि ख़ुदा ने इस्राईली मरयम के प्रसव के समय विरोधियों को ईसा के सन्दर्भ में यह उत्तर दिया-

وَلِنَجْعَلَهٗۤ اٰیَةً لِّلنَّاسِ وَرَحْمَةً مِّنَّا ۚ وَ كَانَ اَمْرًا مَّقْضِیًّا

"वलेनजअलहू आयतन लिन्नासे व रहमतम्मिन्ना व काना अमरम्मक़ज़िय्या" (मरयम-22)

यही उत्तर ख़ुदा ने मेरे सन्दर्भ में बराहीन अहमदिया में आध्यात्मिक प्रसव के समय जो उपमा स्वरूप था विरोधियों को दिया और कहा कि तुम अपने छल-कपट से उसे मिटा नहीं सकते मैं उसको लोगों के लिए रहमत का **निशान बनाऊंगा** और ऐसा होना प्रारम्भ से ही ख़ुदा की एक सुनिश्चित नियति थी। फिर जिस प्रकार यहूदियों के विद्वानों ने हज़रत ईसा पर काफ़िर होने का फ़तवा लगाया। एक उद्दण्ड यहूदी विद्वान ने उस फ़तवे की लिपि तैयार की और दूसरे विद्वानों ने फ़तवा दे दिया। यहां तक कि बैतुलमुक़द्दस के सैकड़ों विद्वान और ज्ञानी जो प्राय: अहलेहदीस थे, उन्होंने हज़रत ईसा पर कुफ्र की मुहरें लगा दीं।★ यही मेरे साथ किया गया और फिर जैसा कि उस कुफ्र के पश्चात जो हज़रत ईसा के संबंध में किया गया था, उनको बहुत सताया गया, बुरी से बुरी ग़ालियां दी गई थीं, बुराइयों और ग़ालियों पर आधारित पुस्तकें लिखी गयी थीं। यही सब कुछ यहां हुआ, तथापि अठारह सौ वर्षों के पश्चात वही ईसा फिर उत्पन्न हो गया और वही यहूदी फिर उत्पन्न हो गए। अफ़सोस, यही अर्थ तो इस भविष्यवाणी का था कि "ग़ैरिल मग़ज़ूबे अलैहिम" जो ख़ुदा ने पहले ही समझा दिया था परन्तु उन लोगों ने धैर्य से काम न लिया जब तक कि यहूदियों की भांति मग़ज़ूबे अलैहिम न बन गए। इस समानता की एक **ईंट** तो ख़ुदा ने अपने हाथ से लगा दी कि मुझे ठीक चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में **इस्लाम का मसीह** बनाकर भेजा जैसा कि मसीह इब्ने मरयम चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में आया था और ख़ुदा मेरी सच्चाई के प्रमाण स्वरुप अपने बड़े शक्तिशाली निशान दिखा रहा है। आकाश के नीचे किसी विरोधी मुसलमान, यहूदी या ईसाई इत्यादि की सामर्थ्य नहीं कि उनका मुकाबला करे और ख़ुदा का मुकाबला एक असमर्थ और तुच्छ मनुष्य कर भी कैसे सकता है। यह तो बुनियादी ईंट है जो ख़ुदा की ओर से है।

प्रत्येक जो इस ईंट को तोड़ना चाहेगा वह तोड़ नहीं सकेगा लेकिन यह ईंट जब उस पर पड़ेगी तो उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगी, क्योंकि ईंट भी ख़ुदा की और हाथ भी ख़ुदा का है। दूसरी ईंट मेरे विरोधियों ने तैयार करके मेरे मुक़ाबले पर रख दी। मेरे मुक़ाबले पर वह कार्य किए जो उस समय के यहूदियों ने किए

शेष पृष्ठ 7 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और स्वीडन का सफर, मई 2016 ई (भाग-13)

☆इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें यह शिक्षा दी है जो व्यक्ति अपने साथी का शुक्रिया अदा नहीं करता वह ख़ुदा तआला का शुक्रिया भी अदा नहीं करता। अतः इन मुसलमानों तथा पनाह लेने वालों का यह धार्मिक कर्तव्य है कि इस देश ने इन को यहां रहने तथा यहां से लाभ उठाने की आज्ञा देकर जो उपकार किया है वे इस को हमेशा याद रखें। ये पनाह लेने वाले अमन की तलाश में अपनी पुरानी ज़िन्दगी छोड़ कर निकले थे। और अब जब इन्हें सलामती तथा सुरक्षा मिल गई है उन का फर्ज़ बनता है कि इस देश के अन्दर शान्ति के साथ रहें। और इस देश के कानून का पालन करें। सभी शरणार्थियों का कर्तव्य है कि वे इस समाज का उपयोगी भाग बनें और याद रखें कि इस्लाम के पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह शिक्षा दी है कि बतौर एक मुसलमान देश प्रेम आप के ईमान का अभिन्न हिस्सा है। इसलिए जिस देश ने इन शरणार्थियों को स्वीकार किया कि अब शरणार्थियों का कर्तव्य इस देश के प्रति वफादार होना है और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करके इस देश को विकसित और उन्नति देने में मदद करना है।

अगर हम इस्लाम की असली तस्वीर देखना चाहते हैं तो हमें नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आपके चारों ख़लीफा के समय को देखना होगा। इसके उच्च उदाहरण साबित करते हैं कि इस्लाम शांति और न्याय के लिए एक चिराग़ है जो वैश्विक धार्मिक स्वतंत्रता और बहुलवाद की गारंटी देता है।

माल्मो में मस्जिद महमूद का उद्घाटन के अवसर पर हुज़ूर अनवर का स्वीडिश सम्माननीय लोगों से सम्बोधन तथा सम्बोधन के बारे में मेहमानों की प्रतिक्रयाएं।

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

17 मई 2016 दिनांक मंगलवार(शेष.....)

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: आप सब पर अल्लाह तआला की सलामती तथा रहमत हो सब से पहले तो मैं इस अवसर पर आज लोगों का निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : "हम एक कठिन समय से गुज़र रहे हैं। मुझे लगता है कि दुनिया की शांति हमारे सामने सबसे महत्त्वपूर्ण और नाजुक मुद्दा है। हम इस कठिन समय में इस स्थिति से कैसे मुकाबला कर सकते हैं? मेरे निकट सारी मानव जाति को देश, जाति और रंग और नस्ल से ऊपर उठ कर शांति, सहिष्णुता और पारस्परिक सम्मान जैसे बुनियादी मानवीय मूल्यों को उठाना होगा। किसी व्यक्ति की मान्यताओं, धर्म या जाति के आधार पर अब भेदभाव करने के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है। इसलिए, सरकार और धर्म दोनों को सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों से साफ होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार मान्यताओं को अपनाने की आजादी होनी चाहिए, क्योंकि उनका विश्वास एक व्यक्तिगत मामला है जिस कासम्बन्ध उस के दिल तथा दिमाग़ से है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी धार्मिक शिक्षाओं का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : "जैसा कि मैंने पहले कहा था, यह समय की ज़रूरत है कि हम सभी को सच्चाई और स्थायी शांति को पूरा करने की कोशिश करनी है। लेकिन अफसोस की बात है कि मुस्लिम देश अब दुनिया में अस्थिरता और युद्ध का केंद्र बने हुए हैं, क्योंकि इन देशों की सरकारें और नेता अपने धर्म की शिक्षाओं पर ध्यान नहीं दे रही हैं। लेकिन पश्चिम के निवासियों को भी ख़ुद को इस खतरे से सुरक्षित नहीं मानना चाहिए। क्योंकि इस युग में दुनिया एक वैश्विक समुदाय बन गई है। और दुनिया के एक क्षेत्र में भ्रष्टाचार और फित्नों का प्रभाव केवल उस क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। हम देखते हैं कि मुस्लिम दुनिया में अस्थिरता भी बाकी दुनिया को प्रभावित कर रही है। और वास्तव में, इसका प्रत्यक्ष प्रभाव यहां स्वीडन में भी देखने में मिला है ।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : "लंबे लंबे सफर करना बहुत आसान हो गया है। पिछले वर्ष के दौरान, अगर करोड़ों ने सही लाखों लोग जंग से प्रभावित क्षेत्र सीरिया और इराक से भाग कर बेहतर भविष्य के लिए यहां पश्चिमी दुनिया में आए हैं। स्वीडिश सरकार और स्वीडिश लोगों के विशाल हृदय के कारण, इस देश ने अपनी आबादी के अनुपात में अपने हिस्से से अधिक स्वीकार कर लिया है। इतने बड़ी संख्या में लोगों को अपने आप में शामिल करना बहुत बड़ी बात है, और साबित करता है कि स्वीडन दयालु और बड़े दिल वाले लोगों से भरा है। आपकी विशाल हृदय यहां आने वाले उन प्रवासियों और शरणार्थियों के लिए एक बड़ी ज़िम्मेदारी लागू करती है जो यहां आए हैं और उन से चाहती है कि वे एक शांतिपूर्ण नागरिक के रूप में यहां आकर रहें और यहां की सरकार और इसके निवासियों के आभारी बनकर रहे हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया , वास्तव में इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें यह शिक्षा दी है जो व्यक्ति अपने साथी का शुक्रिया अदा नहीं करता वह ख़ुदा तआला की शुक्रिया भी अदा नहीं करता। अतः इन मुसलमानों तथा पनाह लेने वालों का यह धार्मिक कर्तव्य है कि इस देश ने इन को यहां रहने तथा यहां से लाभ उठाने की आज्ञा देकर जो उपकार किया है वे इस को हमेशा याद रखें। ये पनाह लेने वाले अमन की तलाश में अपनी पुरानी ज़िन्दगी छोड़ कर निकले थे। और अब जब इन्हें सलामती तथा सुरक्षा मिल गई है उन का फर्ज़ बनता है कि इस देश के अन्दर शान्ति के साथ रहें। और इस देश के कानून का पालन करें। सभी शरणार्थियों का कर्तव्य है कि वे इस समाज का उपयोगी भाग बनें और याद रखें कि इस्लाम के पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह शिक्षा दी है कि बतौर एक मुसलमान देश प्रेम आप के ईमान का अभिन्न हिस्सा है। इसलिए जिस देश ने इन शरणार्थियों को स्वीकार किया कि अब शरणार्थियों का कर्तव्य इस देश के प्रति वफादार होना है और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करके इस देश को विकसित और उन्नति देने में मदद करना है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : इसके अलावा सरकार भी यह ज़िम्मेदारी है कि वह केवल उन शरणार्थियों को ही बसाने न लगी रहे जिसके परिणाम में उनके वर्तमान नागरिकों के अधिकारों की अनदेखी हो जाए। पहले से ही रिपोर्टें मौजूद हैं कि स्थानीय नागरिकों ने मीडिया से शिकायत की है कि मुहाजरीन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक स्थानीय बुज़ुर्ग महिला का ठीक से इलाज नहीं किया गया था और उसे अस्पताल में निवास के दौरान पूरा खाना नहीं दिया गया था, जबकि दूसरी ओर, रोगी को सबसे अच्छे रंग में माना जा रहा था। अल्लाह तआला जानता है कि ये रिपोर्ट कितनी सटीक

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला के फज़्ल से आज जमाअत अहमदिया बेल्जियम का जलसा सालाना शुरू हो रहा है। लंबी अवधि के बाद मैं आपके जलसा में शामिल हो रहा हूं। इस अवधि में, जहां जमाअत में वृद्धि हुई है, दुनिया की दूसरी जमाअतों की तरह अल्लाह तआला के फज़्ल से यहां भी जमाअत में वृद्धि हुई है।

इसके अलावा, यहां कई चीज़ों में तरक्की हुई है। उदाहरण के लिए, आवास घरों में वृद्धि हुई। मस्जिदों और नमाज़ सेन्टर में वृद्धि हुआ है। ब्रसेल्स की मस्जिद का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। वह भी एक अच्छी मस्जिद बन रही है। परसों अल्कन में एक मस्जिद का मैंने उद्घाटन किया। अल्लाह तआला ने बहुत बड़ी बिल्डिंग और स्थान जमाअत को प्रदान किया है। इसलिए ज़ाहिर है कि हम देखते हैं कि जमाअत पर यहां बहुत सारे इनाम हुए हैं। परन्तु अल्लाह तआला की यह कृपा यह इहसास भी जमाअत के लोगों में पैदा करने वाली होनी चाहिए कि हम अल्लाह तआला के आदेशों को मानने और समझने में और अनुकरण करने में भी न केवल ज़ाहरी रूप से बल्कि वास्तविक रूप से भी पहले की तुलना में बेहतर हों।

प्रत्येक शामिल होने वाले को जलसा के इस उद्देश्य को सामने रखना चाहिए कि हम अल्लाह तआला के करीब से करीब हों। धर्म को दुनिया पर प्राथमिकता देने वाले हों। और यह रूह केवल अपने अन्दर पैदा न हो बल्कि अपनी औलाद में भी यह रूह फूंकें कि अल्लाह तआला हम से क्या चाहता है और इन्सानी ज़िन्दगी का उद्देश्य क्या है। एक नस्ल के बाद दूसरी नस्ल के दिल में यह बात बिठाते जाएं कि दुनिया को धर्म का सेवक बनाने के लिए अल्लाह तआला के जो आदेश हैं उन पर चलने की कोशिश करो और आख़री ज़माने में हमारे सुधार के लिए हम पर फज़्ल फरमाते हुए अल्लाह तआला ने जो मसीह मौऊद तथा महदी मौऊद को भेजा है उस की बैअत में आकर हमेशा उस की बातों पर अनुकरण करने वाले बने रहें इसी में हमारी हमारा अस्तित्व है। इसी में हमारी नस्लों का अस्तित्व है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के उपदेशों के हवाले से जलसा सालाना के उद्देश्यों तथा लक्ष्यों का वर्णन और इस दृष्टि से जमाअत को लोगों को महत्त्वपूर्ण नसीहतें।

पाकिस्तान में जलसों पर प्रतिबंध है। यदि वहां से लोग इससे वंचित हैं, तो एम टी ए पर कम से कम नियमित ख़ुत्बों को ही सुना करें, देखा करें, जलसे देखा करें और फिर इस पर अनुकरण करने की कोशिश किया करें। यह भी तो अल्लाह तआला ने एक माध्यम कुछ सीमा तक इस इहसास को दूर करने का फिर खोल दिया है जलसों के प्रोग्रामों को एम टी ए पर देख और सुन कर उन से लाभ उठाने की कोशिश करें तो साठ सत्तर प्रतिशत वंचित होने का इहसास तो दूर हो जाएगा। अगर चाहें तो पाक तबदीली हो तो फिर शत प्रतिशत लाभ हो सकता है।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 सितम्बर 2018 ई. स्थान -डिलबीक ब्रसेलज़, बेल्जियम

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔
اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ
اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔
غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला के फज़्ल से आज जमाअत अहमदिया बेल्जियम का जलसा सालाना शुरू हो रहा है। लंबी अवधि के बाद मैं आपके जलसा में शामिल हो रहा हूं। इस अवधि में, जहां जमाअत में वृद्धि हुई है, दुनिया की दूसरी जमाअतों की तरह अल्लाह तआला के फज़्ल से यहां भी जमाअत में वृद्धि हुई है। पाकिस्तान से यहां हिज़रत करे के आने वाले कई नए लोग यहां शामिल हैं। इसके अलावा, यहां कई चीज़ों में तरक्की हुई है। उदाहरण के लिए, आवास घरों में वृद्धि हुई। मस्जिदों और नमाज़ सेन्टर में वृद्धि हुआ है। ब्रसेल्स की मस्जिद का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। वह भी एक अच्छी मस्जिद बन रही है। परसों अल्कन में एक मस्जिद का मैंने उद्घाटन किया। अल्लाह तआला बहुत बड़ी बिल्डिंग और स्थान जमाअथ को प्रदान किया है। इसलिए जाहिर है कि हम देखते हैं कि जमाअत पर यहां बहुत सारे इनाम हुए हैं। परन्तु अल्लाह तआला की यह कृपा यह इहसास भी जमाअत के लोगों में पैदा करने वाली होनी चाहिए कि हम अल्लाह तआला के आदेशों को मानने और समझने में और अनुकरण करने में भी न केवल ज़ाहरी रूप से बल्कि वास्तविक रूप से भी पहले की तुलना में बेहतर हों। और यही नहीं कि बेहतर हों और एक जगह खड़े हो जाएं बल्कि हमारा हर दिन और हर कदम पिछले दिन और पिछले कदम से नेकी और तक्वा और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बेअसत के उद्देश्य को पूरा करने में तरक्की करता हुआ और आगे बढ़ता हुआ नज़र आए। अपनी बुराइयों को हम पीछे छोड़ चुके हैं और नेकियों नई मंज़िलों को तय कर रहे हों। अगर ये बात जमाअत के लोगों में दिखती हो तो हम कह सकते हैं कि हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बेसत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया या प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम की बैअत का हक अदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

अत: इस बात को समझते हुए, हर समय अपनी समीक्षाओं की जरूरत है और विशेष रूप से इन आज़ाद देशों में जहां धर्म के नाम पर और अल्लाह तआला के आदेशों की कोई परवाह नहीं की जाती कि धार्मिक आदेशों की परवाह करनी है या अल्लाह तआला के आदेशों की पाबन्दी करनी है। ये देश इन सब में आज़ाद हैं। इन देशों में, आपको विशेष ध्यान और प्रयास की आवश्यकता है। अन्यथा, इन देशों में, धर्म के नाम पर आकर, अल्लाह तआला की बातों का कोई महत्तव न देना, और दुनिया में पड़ जाना अल्लाह तआला की नाराज़गी का कारण बना देता है। यहां आने वालों के अधिकांश लोग धर्म के नाम पर आए हैं। यही कारण है कि आपको अपने देश में अपने धर्म का पालन करने की आज़ादी नहीं। थी। तो इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए। अन्यथा, यह बात याद रखें कि यहां आए और धर्म के नाम पर आए अल्लाह तआला नेक नाम पर आए और फिर अल्लाह तआला के आदेशों पर अनुकरण न किया तो ये बातें अल्लाह तआला की नाराज़गी का कारण बना सकती है। परन्तु इन्सान कमज़ोर है इसलिए कमज़ोरी के कारण दुनिया की तरफ झुकाव भी हो जाता है एस सीमा तक दुनिया की तरफ ध्यान देना पर दुनियादारों की तरह

दुनिया पर गिरना इस बात से अल्लाह तआला ने मना फरमाया है और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने बहुत स्पष्ट खोल कर वर्णन फरमाया है।

एक अवसर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने फरमाया कि अल्लाह तआला ने दुनिया का कामों को जायज़ रखा है। जो दुनिया के काम हैं व्यस्तता है, जायज़ है। इन में कोई गुनाह नहीं क्योंकि अगर ये न होते तो इस मार्ग से भी परीक्षा आती। इस परीक्षा के कारण इन्सान चोर, जुआरी, ठग, डकेत बन जाते हैं। और क्या क्या बुरी आदतें धारण कर लेता है। फरमाया परन्तु प्रत्येक चीज़ की हद होती है। दुनिया के कामों को इस सीमा तक धारण करो कि वह धर्म के मार्ग में तुम्हारे लिए मदद का सामान पैदा कर सकें। और मूल लक्ष्य इस में धर्म ही हो। फरमाया अत: हम दुनियावी कामों से मना नहीं करते। जो दुनिया की व्यस्तता हैं इस में मनाही नहीं है। परन्तु इस शर्त के साथ कि असल उद्देश्य इस में धर्म होना चाहिए। अत: एक धार्मिक आदमी के लिए उस आदमी के लिए जो अपने आप को अल्लाह तआला की धर्म पर चलने वाला कहता है यह बुनियादी उसूल है कि दुनिया कमाओ जिन्दगी की ज़रूरत पूरी करने के सामान पैदा करो। अपने बीवी बच्चों के खर्च अपनी घरेलू ज़िम्मेदिरयां अदा करने की कोशिश करो ये तुम्हारे लिए ज़िम्मा है उनके लिए, व्यवसाय, काम और रोजगार करना भी जरूरी है। लेकिन ये काम, ये व्यवसाय, तुम्हें पैसा कमाने में इतनी सीमा तक व्यस्त न कर दे, इस में इस सीमा तक न डूब जाओ कि फिर धर्म की फिक्र ही न रहे और सारी सभी चिंताएं पूरी तरह दुनिया के बारे में घूमती हों। दुनिया भी कमानी है, क्योंकि अल्लाह तआला के आदेश के अनुसार, पत्नी बच्चों के हक अदा करने हैं। अल्लाह तआला की सृष्टि के हक अदा करने हैं। अल्लाह तआला के धर्म की सेवा करना है। यह उद्देश्य होगा तो दुनिया भी मिलेगी और धर्म भी मिलेगा। आपने फिर से यह भी फरमाया कि यह न हो कि रात दिन केवल दुनिया के धंधों और बखेड़ों में डूब जाओ ख़ुदा तआला का ख़ाना भी दुनिया से भर दो यह न हो कि अल्लाह तआला की हक देना है वह भी दुनिया की व्यस्तता में गुज़ार दो। फरमाया कि अगर कोई इस प्रकार करता है तो वह वंचित रहने का साधन पहुंचाता है और उस की जीभ पर केवल दावा ही रह जाता है।(मलफूज़ात भाग 2 पृष्ठ 73 प्रकाशन 1985 ई)

अत: अगर दुनिया में डूब गए तो धर्म से वंचित हो गए और जब धर्म से वंचित हो गए तो धर्म का दावा और बैअत का दावा और अल्लाह तआला पर विश्वास का दावा केवल दावा है इससे ज्यादा इस का कोई महत्त्व नहीं है और उसकी कोई सच्चाई नहीं है। कहने को तो हम अहमदी हैं परन्तु अगर हम दुनिया की तरफ बढ़ गए अधिक इस में डूब गए तो कर्म हमारे वही हैं जो दूसरों के हैं।

फिर इस बात को और अधिक एक स्थान पर स्पष्टीकरण करते हुए कि दुनिया को प्राप्त करने का उद्देश्य धर्म होना चाहिए। आप अलैहिस्सालम ने एक स्थान पर फरमाया इस्लाम ने रहबानियत को मना फरमाया है। यह कायरों का काम है। दुनिया के कट जाना यह तो कायरों का काम है। फरमाया कि मोमिन का सम्बन्ध दुनिया से जितने अधिक होंगे वह इस के उच्च स्तर के लिए होंगे क्योंकि उस का लक्ष्य धर्म होता है और दुनिया तथा इस का माल उस का सेवक होते हैं। अर्थात दुनिया भी और दुनिया में जो चीज़ें धर्म की सेवा के रूप में काम आती हैं। इस के मान सम्मान धर्म के लाभ के लिए काम आता है। इस की दौलत भी धर्म के काम के लिए होती है। मानो कि आप ने जो वर्णन फरमाया इस का उद्देश्य यही है कि दुनिया की दौलत एक इस प्रकार की सवारी है जिस की पीठ पर इन्सान को धर्म की उच्च मन्ज़िलों तक पहुंचना है। जब वह मार्ग में प्रयोग होने वाली चीज़ें जो इन्सान अपनी आसानी के लिए सफर में लेता है अच्छी सवारी और सफर की सुविधा का सामन इन्सान इसलिए करता है ताकि आसानी से मूल मन्ज़िल तक पहुंच सके। अत: इस तरह दुनिया को प्राप्त करने के लिए प्रयोग करो। और धर्म का सेवक बनाओ। न यह कि ख़ुद दुनिया के सेवक बन कर धर्म को छोड़ दो। फिर आप ने फरमाया कि अल्लाह तआला ने जो यह दुआ फरमाई है कि

رَبَّنَآ اٰتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَّفِي الْاٰخِرَةِ حَسَنَةً

इस में दुनिया को प्राथमिकता दी है। फरमाया इस में दुनिया को प्रथम किया है परन्तु किस दुनिया को? फरमायी हसनातुद्दुनिया को प्राथमिकता दी है। जो अख़रत में भलाई का कारण हो। फरमाया कि इस दुआ की शिक्षा से साफ समझ आ जाता है कि मोमिन को दुनिया के प्राप्त करने में हसनातुल आख़रत का ध्यान रखना चाहिए। और साथ ही हसनातुद्दुनिया के शब्द में इन सारे उत्तम माध्यम प्रयोग करने का वर्णन आ गया जो मोमिन मुसलमान को धर्म प्राप्त करने के लिए धारण करने चाहिए। दुनिया को प्रत्येक उस तरीका से धारण करो जिस का धारण करने में भलाई और ख़ूबी हो। न वह कारण जो किसी दूसरे मानव के कष्ट का कारण हो। न अपने साथ वालों में किसी लज्जा और शर्म का कारण। इस प्रकार की दुनिया नि:सन्देह आख़रत की भलाई का कारण होती है।

(मल्फूज़ात भाग 2 पृष्ठ 91-92 प्रकाशन 1985 ई यू के)

अत: हम में से प्रत्येक की यह कोशिश होनी चाहिए कि दुनिया कमाएँ जो आख़रत की हसनात का भी सबब हो, न कि यहाँ रंगीनियों में खो कर अपने लक्ष्य को भूल जाएं, और अगली दुनिया में हसनात लेने की बजाय, अल्लाह तआला की नाराज़गी का कारण बनें। और फिर दुनिया की रंगीनियां और आन्नद इस प्रकार के हैं कि जो मनुष्यों में अधिक बेचैनियां पैदा करती हैं। अपनी तरफ से इन्सान सोचता है कि दुनिया में मुझे शान्ति मिल जाएगी लेकिन वास्तव में शान्ति नहीं है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम इस बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए फरमाते हैं कि यह मत ख्याल करो कि कोई सारी दौलत या हकूमत माल तथा इज्ज़त औलाद की अधिकता किसी आदमी के लिए राहत तथा संतोष और शांति का कारण हो सकती है और वह वास्तविक रूप से जन्नती होता है अर्थात मानो वह जन्नत में है या उसे यह जन्नत मिल गई जो तुम समझते हो। फरमाया हरगिज़ नहीं वास्तव में वह शांति और संतोष जो बहशत के नामों में से है जिससे जन्नत मिल सकती है वह इन बातों से नहीं मिलती वह खुदा में ज़िंदा रहने और मरने से मिल सकती है जिसके लिए अंबिया अलैहिस्सलाम विशेष रूप से इब्राहिम और याकूब अलैहिस्सलाम की यही नसीहत थी कि

فَلَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَاَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ

अत: हरगिज़ ना मरना मगर इस अवस्था में कि तुम अल्लाह के पूरे आज्ञाकारी हो अर्थात यह कि तुम्हें हर समय अल्लाह तआला की आज्ञा पालन की अवस्था में रहना चाहिए मौत का कोई समय निर्दिष्ट नहीं है यह ना हो कि मौत आ जाए और तुम आज्ञापालन से बाहर हो। आप अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि दुनिया के आनंद तो हर एक प्रकार के अपवित्र इच्छाओं को पैदा करके तलब और प्यास को बढ़ा देते हैं प्यास के मरीज़ की तरह प्यास नहीं बुझती। वह मरीज़ जिसको बीमारी हो पानी पीने की उसकी प्यास बुझती ही नहीं पीता चला जाता है यहां तक कि वह हलाक हो जाता है। अत: व्यर्थ हसरतों इच्छाओं की आग भी इसी तरह की एक जहन्नम की आग है जो इंसान के दिल को शांति और स्थिरता नहीं लेने देती बल्कि इसको शंका और व्याकुलता में डुबोए रखती है फरमाया के इसलिए मेरे दोस्तों की नज़र से यह बात हरगिज़ ना छुपी रहे कि इंसान माल दौलत औरत या पुत्र की मोहब्बत के जोश और नशा में ऐसा दीवाना और पागल ना हो जाए कि उसमें और खुदा में एक पर्दा हो जाए।(उद्धृत मल्फूज़ात भाग 2 पृष्ठ 101, 102 प्रकाशन 1985 यूके) अर्थात अगर दुनिया की चीज़ों में ज़रूरत से ज्यादा डूब जाओगे तो फिर ऐसी अवस्था पैदा हो जाती है कि अल्लाह तआला और खुदा में पर्दा हो जाता है रोक खड़ी हो जाती है पर्दा बीच में आ जाता है। ना बंदा खुदा की तरफ बढ़ता है न खुदा बंदे की तरफ आता है। अल्लाह तआला ने फरमाया है कि मेरी तरफ आने की कोशिश करेगा तो मैं उसकी तरफ आऊंगा। जैसा कि हदीस में भी आया है कि बंदा एक कदम आएगा तो मैं दो कदम आऊंगा। आएगा तो मैं दौड़ कर आऊंगा।(सहीह बुख़ारी हदीस 7405) अर्थात यदि इस पर्दा और रोक को दूर करना है तो दुनिया को धर्म का गुलाम बनाकर ही दूर किया जा सकता है। आपने अधिक फरमाया के माल तथा औलाद इसीलिए तो फितना कहलाती है कि वे बंदे और खुदा में एक रोक पैदा कर देती हैं। आप फरमाते हैं उनसे अर्थात माल और दौलत से भी इंसान के लिए एक नर्क तैयार होती है और जब उनसे अलग किया जाता है तो बहुत व्याकुलता और घबराहट प्रकट करता है। आप फरमाते हैं दो चीज़ों के आपस के संबंध और रगड़ से गर्मी पैदा होती है। हाथों को भी रगड़ कर देख लो तो उससे भी गर्मी पैदा होती है। पत्थरों को रगड़ो तो उस से गर्मी पैदा होती है इसी तरह पर इंसान की मुहब्बत और दुनिया और दुनिया की मुहब्बत की रगड़ से जो गर्मी पैदा होती है उससे अल्लाह तआला की मुहब्बत जल जाती है अल्लाह की मुहब्बत फिर समाप्त हो जाती है इंसान की मुहब्बत और दुनिया की मुहब्बत जब आपस में रगड़ें तो फिर क्या परिणाम निकलेगा? कि अल्लाह की मुहब्बत समाप्त हो जाएगी और अंधेरे में पड़ कर ख़ुदा से दूर हो जाता है और प्रत्येक प्रकार की व्याकुलता का शिकार हो जाता है परंतु जब दुनिया की चीजों से जो संबंध हो वह खुदा में होकर हो। दुनिया की चीज़ों का जो सम्बन्ध है वह

ख़ुदा में होकर हो और उनकी मुहब्बत खुदा की मुहब्बत में होकर हो। दुनिया की चीजों की मुहब्बत भी इसलिए हो अल्लाह तआला ने एक सीमा तक उनसे मुहब्बत करना जायज़ करार दिया है और खुदा की मुहब्बत से होकर होगी और उस समय खुदा ना भूले तो फिर क्या होगा? फरमाया कि उस समय आपस में रगड़ से अल्लाह के अतिरिक्त जो मुहब्बत है वह जल जाती है जब रगड़ पैदा होगी तो अल्लाह के अतिरिक्त जो हैं उनकी मुहब्बत समाप्त हो जाएगी और उसके स्थान पर एक रोशनी और नूर भर जाता है फिर ख़ुद की इच्छा उस की इच्छा और उस की इच्छा खुदा की इच्छा हो जाती है। फिर बन्दा इस बात पर राज़ी हो जाती है और वही चाहता है जो अल्लाह तआला चाहता है आप फरमाते हैं कि इस के विपरीत को कुछ इन्सान की अवस्था है वह जहन्नम की अवस्था है मानो अल्लाह तआला की अतिरिक्त ज़िन्दगी व्यतीत करना यह भी जहन्नम है।(उद्धृत मल्फूज़ात भाग 2 पृष्ठ 102, 103 प्रकाशन 1985 यू.के) आप फरमाते हैं कि ख़ुदा तआला तुमसे यह चाहता है कि तुम पूरे मुसलमान बनो मुसलमान का शब्द ही इस बात को बताता है कि संपूर्ण रूप से उसके लिए हो जाओ अर्थात संपूर्ण तौर पर ख़ुदा की तरफ झुको यह नहीं कि अभी ख़ुदा तआला की तरफ झुक गए और जब दुनिया के लाभ देखे तो दुनिया की तरफ झुक गए ख़ुदा भूल गया। आप फरमाते हैं कि अल्लाह तआला ने मुसलमान को मुसलमान पैदा करके असीमित फज़ल किए हैं शर्त यह है कि वह ध्यान दें और समझे। (उद्धृत भाग 2 पृष्ठ 304 प्रकाशन 1985 ई यू. के) जैसा कि मैंने कहा था कि इंसान कमज़ोर है कई बार दुनिया के दिलचस्पियां अपनी तरफ खींचने की कोशिश करती हैं इंसान दुनिया की तरफ झुक जाता है और अल्लाह तआला और उसके धर्म के धर्म की तरफ से अज्ञान हो जाता है या कुछ कर्मों में कमज़ोरियां पैदा हो जाती हैं। अल्लाह तआला के समस्त आदेशों को इंसान पूरी तरह सामने नहीं रखता। हक अदा नहीं करता। बच्चों के हक अदा नहीं किए। पारिवारिक समस्याएं पैदा हो गईं। घरों में लड़ाइयां हैं या अपने कारोबार में ईमानदारी से काम नहीं किया या कारोबार की वजह से नमाज़ें छोड़ दीं और बहुत सारी बातें हैं। इसलिए अल्लाह तआला ने इंसान को इस कमज़ोरी से निकालने के लिए भी प्रबंध किया हुआ है और हम अहमदी बहुत भाग्यवान हैं कि हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम को स्वीकार करने की तौफीक़ दी जो हमें बार-बार विभिन्न अवसरों पर रास्ते से भटकने से बचाने के लिए मार्गदर्शन फरमाते रहते हैं।

फिर आपने अल्लाह तआला की आज्ञा से एक यह भी प्रबंध फरमाया के जलसों का आयोजन फरमाया जहां हम साल में एक बार जमा होकर अपनी आध्यात्मिक उन्नति का सामान करने की कोशिश करते हैं। अत: हर शामिल होने वाले को जलसा के इस उद्देश्य को हमेशा सामने रखना चाहिए कि हम अल्लाह तआला के निकटतम हों। धर्म को प्राथमिकता करने वाले हों और दुनिया में रहते हुए दुनिया को धर्म का सेवक बनाने वाले हों और यह रूह केवल अपने अंदर पैदा ना करें बल्कि अपनी औलाद में भी यह रूह फूंके कि अल्लाह तआला हम से क्या चाहता है और इंसान के जीवन का उद्देश्य क्या है नस्ल के बाद नस्ल इस बात को अपनी औलादों के दिलों में बिठाते चले जाएं कि दुनिया को धर्म का सेवक बनाने के लिए अल्लाह तआला के जो आदेश हैं उन पर चलने की कोशिश करो और इस युग में हमारे सुधार के लिए हम पर दया करते हुए अल्लाह तआला ने जो हज़रत मसीह मौऊद और महद मौऊद को भेजा है उसकी बैअत में आकर हमेशा उसकी बातों पर अनुकरण करने वाले बने रहें कि इसी में हमारी बका है इसी में हमारी नस्लों की बका है

हजरत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सालम इस उद्देश्य का वर्णन करते हुए एक स्थान में फरमाते हैं कि बैअत के सिलसिला में शामिल समस्त श्रद्धालुओं पर प्रकट हो कि "बैअत करने से उद्देश्य यह है ताकि दुनिया की मुहब्बत ठंडी हो और अपने मौला करीम और रसूले मकबूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत दिल पर विजय प्राप्त करे और ऐसी अवस्था इन्कता की पैदा हो जाए जिससे आख़रत का सफर मकरूह मालूम ना हो।" (आसमानी फैसला रूहानी ख़ज़ायन भाग 4 पृष्ठ 351) अत: के अल्लाह तआला और उसके रसूल से पूर्ण मुहब्बत ना हो तो ना ही दुनिया की मुहब्बत में कमी आ सकती है ना ही इंसान को मरते समय शांति मिल सकती है और ना ही मरते समय की बेचैनी दूर हो सकती है यह है वह उद्देश्य जिसके लिए अल्लाह तआला ने आपके द्वारा यह सिलसिला स्थापित करवाया और हमें इसमें शामिल होने की तौफीक़ दी और जिसके लिए आप ने बैअत ली और बैअत करने वालों पर इस उद्देश्य को स्पष्ट फरमाया अगर इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हम कोशिश नहीं कर रहे तो हमारे बैअत के दावे केवल दावे हैं और वास्तव में ना ही हम ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम को पहचाना है ना ही आपको स्वीकार किया है ना ही हम बैअत का हक अदा करने वाले हैं।

शुरू में जब जलसों का आरम्भ हुआ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम को जब यह पता चला कि जलसा के उद्देश्य को लोग पूरा नहीं कर रहे। तो आप ने बहुत कठोर नाराज़गी को प्रकट करते हुए फरमाया इस वर्ष में जलसा का आयोजन नहीं करूंगा। और उस साल जलसा आयोजित नहीं हुआ। और उसके मुल्तवी करने का जो ऐलान आपने फरमाया वह ऐसा है कि हर मुखलिस को आज भी व्याकुल करने वाला है और बेचैन करने वाला होना चाहिए। आप ने फरमाया कि "इस जलसा से उद्देश्य और मतलब यह था कि हमारी जमाअत के लोग कुछ बार-बार की मुलाकातों से एक ऐसी तब्दीली अपने अंदर पैदा करें कि उनके दिल आख़रत की की तरफ पूरी तरह झुक जाएं और उनके अंदर खुदा तआला का भय पैदा हो वह नेकी और तक्वा और ख़ुदा तआला के भय एवं परहेज़गारी और दिल की नर्मी और आपस की मुहब्बत और भाईचारा में दूसरों के लिए एक नमूना बन जाऐं और विनय और सच्चाई उन्हें पैदा हो और धार्मिक कामों के लिए एक तेज़ी धारण करें।

(शहादतुल कुरआन रूहानी खज़ायन भाग 6 पृष्ठ 394)

फिर फरमाया " यह जलसा ऐसा तो नहीं है कि दुनिया के मेलों की तरह चाहो न चाहो इस का प्रावधान अनिवार्य है बल्कि इसका आयोजन नेक निय्यत और उत्तम परणिामों पर निर्भर है, अन्यथा बिना उसके व्यर्थ।

(शहादतुल कुरआन, रूहानी खज़ायन जिल्द 6 पृष्ठ 395) अगर इरादे सही नहीं और अच्छे फल नहीं मिल रहे। वे लक्ष्य हासिल नहीं हो रहा जिसके लिए जलसा आयोजित किया गया है, तो यह बिल्कुल व्यर्थ है, इसका कोई लाभ नहीं।

आपने जो यह फरमाया कि बार बार कि मुलाकातों से अपने अन्दर यह तब्दीलियां पैदा करे। ये किस प्रकार की मुलाकातें हैं। यह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के साथ मुलाकातें हैं। अत: अगर इस प्रकार के लोग जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के समय अपनी कमज़ोरियों के कारण सेहज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम की नाराज़गी का कारण बने तो आज कल तो अल्लाह तआला बेहतर जानता है कि संख्या के लिहाज़ ले हम कितने हैं और हमारी क्या अवस्था है जो इस गिनती में आते हैं । उन लोगों में आते हैं जिन पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने नाराज़गी व्यक्त की। अत: इस दृष्टि से प्रत्येक को अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि अगर वे स्तर नहीं जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम चाहते हैं तो फिर हम जलसा में शामिल होने के हकदार भी नहीं हैं। या यह देखें कि हम हकदार हैं या नहीं? या सिर्फ इसलिए जन्मजात अहमदी हैं या पुराने अहमदी हो गए हैं कई सालों से बैअत करके या बुजुर्गों बाप दादाओं की औलाद हैं इसलिए शामिल हो रहे हैं तो फिर वह मकसद पूरे नहीं कर रहे जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम हमसे चाहते हैं या इस नियत से नहीं आए कि हमने यह उद्देश्य प्राप्त करने की अपनी सारी चेष्टाओं से कोशिश करनी है या करते रहे हैं या कर रहे हैं तो फिर अगर यह नहीं तो फिर जलसों में आना एक मेले पर आना ही है अत: इस बात से हर एक श्रद्धालु अहमदी के दिल में एक चिंता पैदा होनी चाहिए अब तो हर साल दुनिया के विभिन्न देशों के जलसे होते हैं कुछ में मैं शामिल होता हूं कुछ पर एम टी ए माध्यम से सम्मिलित हो जाता हूं। यूरोप के कुछ जलसों आप में से बहुत से शामिल होते हैं इस समय भी मेरे सामने बैठे हुए हैं जो कई जलसों में शामिल हुए यूके के जलसा के बाद जर्मनी के जलसा में शामिल होकर आए हैं और हर जलसा पर जलसा के उद्देश्य और धार्मिक उन्नति और तरक्की की बातें होती हैं और बहुत से लोग मुझे लिखते हैं कि एक विशेष माहौल था इसमें हमने देखा आपस में भाईचारे के नज़ारे हमने देखे लोग यह भी लिखते हैं कि हमारे साथ कुछ मेहमान गए हुए थे वे भी यह माहौल देखकर बड़े प्रभावित हुए। अत: इन बातों की वजह से और साल में एक से अधिक जलसों में शामिल होने के कारण एक इंकलाब हमारी अवस्था में आ जाना चाहिए कहां तो वह ज़माना जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के ज़माना में साल में एक बार में जलसा में शामिल होते हैं ताकि हमारे अन्दर इस प्रकार की पवित्रता पैदा हो कि आख़रत का सफर घृणित मालूम न हो और अल्लाह तआला और उस की सृष्टि के अधिकार अदा करने की तरफ एक विशेष ध्यान पैदा हो। और कहां अब यह अवस्था है कि कुछ लोग साल में एक से अधिक जलसों में शामिल होते हैं अत: समीक्षा करें कि इस प्रकार की अवस्था में क्या परिवर्तन पैदा हो जाना चाहिए। बेशक हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम से एक मुलाकात ही कई जलसों से भारी थी और आप से मिलकर एक इन्कलाब आ जाता था। बहरहाल

नबी का एक स्थान होता है। परन्तु अब निरन्तर कई जलसों को देखना और उस में शामिल होना कुछ तो नेक तब्दीली पैदा करने का कारण होना चाहिए। बातों तो अब भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम की वर्णन की जाती हैं शब्द तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के ही वर्णन किए जाते हैं। और फिर इस से बढ़ कर आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के शब्द है और बातें हैं जो विभिन्न तकरीरों में वर्णन की जाती हैं। और इस से भी बढ़ कर अल्लाह तआला के कलाम की तफसीरें वर्णन की जाती हैं । तो अगर इंसान का इरादा हो, नेक नियत हो तो पवित्र तब्दीली के सामान अब भी मौजूद है समय का ख़लीफा आप से कुछ कहता है तो वह भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के प्रतिनिधित्व में ही कहता है। खिलाफत के जारी रहने और उसके साथ संबंधित होकर आप अलैहिस्सालम की बरकतों को निरंतर स्थापित करने की ख़ुशखबरी भी तो अल्लाह तआला से खबर पाकर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने दी थी जिस के बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने फरमाया था कि इन बरकतों के अर्थात ख़िलाफत के जारी रहने का वादा तुम्हारे बारे में है अत: इस दृष्टि से आज मैं इस अवसर से इस विषय से लाभ उठाते हुए एम टी ए सुनने की तरफ ध्यान दिलाता हूं।

पाकिस्तान में जलसों पर प्रतिबंध है। यदि वहां से लोग इससे वंचित हैं, तो एम टी ए पर कम से कम नियमित ख़ुत्बों को ही सुना करें, देखा करें, जलसे देखा करें और फिर इस पर अनुकरण करने की कोशिश किया करें। यह भी तो अल्लाह तआला ने एक माध्यम कुछ सीमा तक इस इहसास को दूर करने का फिर खोल दिया है जलसों के प्रोग्रामों को एम टी ए पर देख और सुन कर उन से लाभ उठाने की कोशिश करें तो साठ सत्तर प्रतिशत वंचित होने का इहसास तो दूर हो जाएगा। अगर चाहें तो पाक तबदीली हो तो फिर शत प्रतिशत लाभ हो सकता है। लेकिन आप लोग जो अब यूरोप में आ गए हैं, मैं आपको बताता हूं कि आप जलसों में शामिल हो रहे हैं और कुछ एक से अधिक जलसों में शामिल हो रहे हैं। यहां आने वाले अहमदियों को जैसा कि मैंने कहा था, यहां आने वाले अहमदी को अपनी स्थिति में एक इन्कलाब पैदा करना चाहिए। यह प्रशिक्षण शिविर जो अल्लाह तआला ने मयस्सर फरमाए हैं इसमें आने का लाभ तो तभी है जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इच्छाओं के अनुसार दुनिया को अपना ख़ादिम बनाकर एक पवित्र बदलाव पैदा करने की कोशिश करने वाले बनें। यहां आकर जलसा की कारवाई को ध्यान से सुनें और इस निय्यत से सुनेंकि हम ने इस पर अनुकरण करना है। ताकि अपने अन्दर नेक तब्दीलियां पैदा कर सकें।

जलसा की कार्यवाही को ध्यान से सुनने की तरफ ध्यान दिलाते हुए हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक अवसर पर फरमाया कि "सभी को ध्यान देकर सुनने चाहिए और पूरे विचार और चिंता के साथ सुनो क्योंकि यह मामला ईमान का मामला है। यह वाक्य जो आप ने फरमाया "यह मामला ईमान का मामला है " यह कोई मामूली बात नहीं है। कोई मामूली वाक्यांश नहीं है,ध्यान देने वाला मामला है यह मामला ईमान का मामला है। इसमें सुस्ती और लापरवाही और ग़ैर ध्यान बहुत बुरे परिणाम पैदा करती है। फरमाते हैं कि "जो लोग ईमान में लापरवाही से काम लेते हैं और जब उन्हें संबोधित कर के कुछ वर्णन किए जाए तो ध्यान से उस को नहीं सुनते। उन को बोलने वाले के वर्णन से चाहे वह कैसा ही उच्च स्तर का तथा प्रभावी क्यों न हों कुछ भी लाभ नहीं होता। इस प्रकार के लोग होते हैं जिन के बारे में कहा जाता है वे कान रखते हैं परन्तु सुनते नहीं। दिल रखते हैं परन्तु समझते नहीं। अत: याद रखो जो कुछ वर्णन किया जाए उसे ध्यान से सुनो क्योंकि जो ध्यान से नहीं सुनता चाहे लम्बे समय तक लाभ देने वाली हस्ती की संगत में रहे उस से कुछ भी लाभ नहीं उठा सकत।"

(उद्धरित मल्फूज़ात जिल्द 3 पृष्ठ 142-143। संस्करण 1985 प्रकाशन इंग्लैंड)

तो यह आप ने उन लोगों को सचेत किया जो जलसा में शामिल होने के बावजूद जलसा से लाभ नहीं उठाते। नारे तो बहुत ज़ोर से लगाते हैं बहुत ज़ोर से कहते हैं परन्तु अल्लाह तआला की प्रशंसा की यह घोषणा और नारे कुछ क्षणों बाद ही दिल तथा दिमाग़ से ग़ायब हो जाते हैं। अत: प्रत्येक अपनी समीक्षा करे कि कहीं हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेश के अनुसार कहीं उन लोगों में शामिल न हो जाएं। जिन को जलसा कोई लाभ नहीं दे रहा।

अत: जब यहां जलसा में शामिल होने के लिए आए हैं तो जलसा की सारी कारवाई में शामिल हों। और सारी तकरीरें ध्यान से सुनें। और उन से ज्ञान वर्धक और व्यवहारित रूप से लाभ उठाना चाहिए।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम तकरीरों को ध्यान से सुनने की तरफ ध्यान दिलाते हुए फरमाते हैं कि" सब लोग ध्यान लगा कर सुनें मैं अपनी जमाअत और ख़ुदा अपनी ज़ात के बारे में और अपने नफ्स के लिए यही कहना पसन्द करता हूं कि ज़ाहरी बातें तो तकरीरों में होती हैं उस को पसन्द न किया जाए और सारी उद्देश्य आकर उस पर ही न ठहर जाए कि बोलने वाला कैसी जादू भरी तकरीर कर रहा है। शब्दों में किस प्रकार ज़ोर है मैं इस बात पर राज़ी नहीं होता।" सिर्फ तकरीर करने वाले की जो तकरीर है इस पर मैं राज़ी नहीं होता फरमाया कि मैं तो यह पसन्द करता हूं और न बनावट तथा दिखावे से बल्कि मेरी तबीयत और फितरत की यही मांग है।" यही मेरी तबीयत चाहती है कि जो काम अल्लाह तआला के लिए हो जो बात हो ख़ुदा तआला के लिए हो।"

(उद्धरित मस्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 398-399 प्रकाशन 1985 ई यू के)

मुसलमानों में पतन और गिरावट आने का यह बड़ा भारी कारण है अन्यथा इस कदर सम्मेलन और यूनियन और मज्लिसें होती हैं और वहाँ बड़े-बड़े वक्ता और व्याख्याता अपने व्याख्यान और तकरीरें पढ़ते हैं, कवि क़ौम की स्थिति पर नोहा करते हैं। वह क्या बात है कि इस का कुछ भी प्रभाव नहीं होता है। क़ौम दिन प्रतिदिन तरक्की की तरफ ही जाती है।" फरमाया कि " इन मज्लिसों में आने वाले श्रद्धा लेकर नहीं जाते।" (उद्धरित मल्फूज़ात भाग 1 पेज 401 संस्करण 1985 ई) श्रद्धा नहीं केवल ज़ाहरी बातें ही तकरीर करने वालों की तकरीरें हैं और सुनने वाले केवल आन्नद उठा रहे हैं उन में श्रद्धा नहीं है।

अत: यह है आप की हार्दिक इच्छा। यह है आपकी इच्छा अपने मानने वालों के लिए कि सामयिक तौर पर तकरीर के और तकरीर करने वाले के जोश से कोई प्रभावित ना हो बल्कि विषय को समझ कर अपनी जिंदगियों का हिस्सा बनाएं अगर केवल तकरीरों को सुनना और जलसा गाह से बाहर आकर उसको भुला देना है तो तो यह तरक्की नहीं बल्कि पतन की तरफ ले जाने वाली बातें हैं और मुसलमानों की आजकल जो ज़िल्लत और पतन की अवस्था है वह इसलिए है कि बड़े-बड़े तकरीर करने वाले तकरीर तो सुन लेते हैं परंतु अनुकरण नहीं करते। अनुकरण बिल्कुल ना होने के बराबर है बल्कि है ही नहीं और जिस क़ौम में अनुकरण न हो वह कभी तरक्की नहीं कर सकती। दुनिया में आज मुसलमानों की जो अवस्था है इस बात का मुंह बोलता प्रमाण है कि केवल बातें हैं और कर्म नहीं अगर कर्म होता तो आज यह अवस्था न होती। अत: जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को हम ने स्वीकार किया है इस लिए वे कमज़ोरियां जो मुसलमानों में पैदा हो गई हैं उनको दूर किया जाए वरना लाभ नहीं। हम एक तरफ तो यह दावा करते हैं कि दुनिया को हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे के नीचे लेकर आना है दूसरी तरफ दुनिया विजय हो रही है और जलसा और जलसा पर आना भी इसलिए हो कि कुछ दोस्तों को मिलेंगे और कुछ जलसा सन लेंगे। दोस्तों को मिलना भी अच्छी बात है परंतु जलसे का आंशिक लाभ है जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने वर्णन फरमाया है और आंशिक लाभ भी बिना लाभ के नहीं है बल्कि उस से आपने फरमाया के भाईचारा और प्रेम पैदा हो। अहमदियों का आपस में भाईचारा और प्यार पैदा हो, अल्लाह के अधिकारों के अदा करने की तरफ ध्यान पैदा हो और जमाअत

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

की मज़बूती और एक होने का दृश्य प्रत्येक स्थान पर नजर आए।

अत: यहां आने का वास्तविक उद्देश्य को अपने सामने रखें। जो जलास सुनना और इन बातों पर अनुकरण करना है उन को यहां सुनें। अल्लाह तआला प्रत्येक को यह उद्देश्य प्राप्त करने की तौफीक प्रदान करे। जलसा की बरकतों और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दुआओं की बरकतों से लाभ उठाने वाले हों और अपने कथन और कर्म से दुनिया को इस्लाम की वास्तविक तस्वीर दिखाने वाले हों। दुनिया हमेशा एक अहमदी के लिए गौण स्थान रखने वाली हो। और वास्तविक उद्देश्य तथा लक्ष्य धर्म हो। और अल्लाह तआला की प्रसन्नता हो। अल्लाह तआला की प्रसन्नता को जा समझ जाए। वे अल्लाह तआला का हक अदा करने वाला बन जाता है। और उस की सृष्टि का हक अदा करने वाला बन जाता है या बन सकता है। अमन प्यार मुहब्बत भाईचारा पैदा करने वाला बन सकता है और इस चीज़ की आज दुनिया को सब से अधिक ज़रूरत है। दुनिया में जो अफरा तफरी है इस को अगर दूर करना है तो सिर्फ इस अवस्था में है कि हम दुनिया को अपने ख़ुदा का पहचानने की तरफ ले आएं। सृष्टि के हक अदा करने की तरफ ले कर आएं और आज यह एक अहमदी की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। इस दृष्टि से प्रत्येक को ध्यान देना चाहिए।

